## सम्पादकीय

# सामरिक उपलब्धि

स्वदेशी तकनीक से बने विमानवाहक पोत आइएनएस विक्रांत के जलावतरण से भारत की सामरिक ताकत और आत्मविश्वास निस्संदेह काफी बढ़ गया है। करीब सोलह सौ सदस्यों वाले चालक दल के लिए तैयार किया गया यह युद्धपोत एक तरह से समुद्र में चलती-फिरती वायु और जलसेना छावनी की तरह काम करेगा। इस पर एक समय में करीब तीस हल्के लड़ाकू विमान और हेलिकाप्टर तैनात किए जा सकेंगे। इस तरह यह देश का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत है। हालांकि अमेरिका, चीन और रूस के पास इससे कुछ अधिक क्षमता वाले पोत हैं, पर विक्रांत के जलावतरण के बाद भारत अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस की कतार में खड़ा हो गया है। भारत के पास एक और विमानवाहक पोत सक्रिय है- विक्रमादित्य। यानी अब भारत के पास दो ऐसे युद्धपोत हो गए हैं। चीन के पास भी इतने ही पोत हैं।

विक्रांत के संचालन से इसके जरिए मिग आदि लड़ाकू विमानों को समुद्र में उतारने और उड़ान भरने की सुविधा उपलब्ध होगी। विक्रांत खुद एक युद्धक जलपोत है। इस तरह हिंद महासागर में भारत की ताकत बढ़ गई है। स्वाभाविक ही विक्रांत के संचालन से खासकर पाकिस्तान और चीन की चिंता बढ़ गई है। अभी तक हिंद महासागर में चीन का दबदबा बना हुआ था और अपनी सामरिक ताकत के बल पर वह भारत को धौंस देता रहता है। इससे उसका मनोबल कुछ कमजोर होगा। विक्रांत की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से तैयार किया गया है। इसमें देश की करीब पांच सौ छोटी-बड़ी कंपनियों ने सहयोग दिया। इसके पहले वाला विक्रांत युद्धपोत ब्रिटेन से मंगाया गया था। विक्रमादित्य रूस से खरीदा गया था।

इस तरह विक्रांत की सफलता के बाद भारत का स्वदेशी सैन्य साजो-सामान के मामले में आत्मनिर्भर बनने का संकल्प विक्रांत के जलावतरण से साकार होता दिख रहा है। भारत उन देशों में है, जो अपने सैन्य साजो-सामान पर काफी धन खर्च करता है। इसलिए कई देश उससे सैन्य उपकरणों की खरीद आदि के लिए लालायित रहते हैं और इसके मद्देनजर अपने अंतरराष्ट्रीय रिश्तों और रणनीतियों में बदलाव भी करते रहते हैं। कई बार इसी आधार पर वे भारत पर दबाव बनाने का प्रयास करते देखे जाते हैं। दरअसल, कई देशों की अर्थव्यवस्था सैन्य साजो-सामान के कारोबार पर निर्भर है। वे बिचौलियों को मोटा कमीशन, घूस आदि देकर लड़ाकू विमान, हेलिकाप्टर, पनडुब्बी, हथियार आदि खरीदने का सौदा कराते रहते हैं। अगर भारत इस मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर बन जाता है, तो न सिर्फ इन अड़चनों से मुक्ति मिलेगी, बल्कि वह खुद एक सैन्य साजो-सामान के बाजार में खड़ा हो सकता है। इसका रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। इसलिए भी हथियार बनाने वाले देशों को विक्रांत का जलावतरण खटक रहा होगा। सबसे बड़ी बात कि विक्रांत की हिंद महासागर में मौजूदगी से चीन का एकाधिकार समाप्त होगा और वह भारत को जब-तब आंखें दिखाने से बचेगा। अभी भारत को हिंद महासागर में सबसे अधिक चुनौती चीन की तरफ से ही मिलती रही है। पाकिस्तान भी उसी की शह पर भारत को उकसाने का प्रयास किया करता था। अब वह ऐसा नहीं कर पाएगा, क्योंकि इस युद्धपोत में पानी के भीतर से आसमान में मार करने वाले अत्याधुनिक हथियार लगे हुए हैं। दुश्मन पनडुब्बियों की टोह लेने में भी आसानी हो गई है। सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि विक्रांत के आने से हिंद प्रशांत और हिंद महासागर में शांति का वातावरण बनेगा।

# रोजगार : बढ़ते हाथ, घटते काम

**भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के दो सबसे बड़े ग्राहक अमेरिका और यूरोप के लिए निर्यात की रफ्तार सुस्त पड़ गई है। वाणिज्यिक जानकारी एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआइएस) के आंकड़े बताते हैं कि यूरोप के लिए भारतीय निर्यात की वृद्धि दर जून 2022 में घट कर उनतालीस फीसद रह गई, जो अप्रैल 2022 में इकसठ फीसद और मई 2022 में चालीस फीसद थी। इसी तरह अमेरिका के लिए भारतीय निर्यात की वृद्धि दर जून में घट कर उनतीस फीसद रह गई, जो मई में बत्तीस और अप्रैल में इकतीस फीसद थी। वित्त वर्ष 2022-23 की प्रथम तिमाही में भारत ने यूरोप को 19.3 अरब डालर, और अमेरिका को 21.7 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं-सेवाओं का निर्यात किया। भारतीय सामान के चौथे सबसे बड़े ग्राहक चीन के लिए निर्यात जून तिमाही में इकतीस फीसद घट कर 4.7 अरब डालर रह गया।**

**बाजार** जब रोजगार पैदा करना बंद कर दे तो समझिए अर्थव्यवस्था नीतिगत बीमारी की शिकार हो गई है, जिसका इलाज मुश्किल होता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ कुछ ऐसा ही जान पड़ता है। चिंता की बात यह है कि कुशल हाथ बेकार हैं, फिर भी श्रम बाजार सिकुड़ रहा है। भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण बेशक दुनिया के देश कमोबेश कठिनाई का सामना कर रहे हैं, लेकिन भारत की कठिनाई अलग तरह की है। विशाल उपभोक्ता बाजार और उत्पादन की क्षमता होने के बावजूद यहां मांग और आपूर्ति का संकट है। बेरोजगारी की लंबी खिंचती परिस्थिति के बीच मांग में अतिरिक्त गिरावट की आशंका है। मांग खर्च पर निर्भर होती है और खर्च कमाई पर। कमाई की क्या स्थिति है, आंकड़े नहीं, जेब टटोल कर देख लीजिए। मांग की एक नई खिड़की निर्यात में वृद्धि के साथ खुली थी, और उसके साथ ही रोजगार बाजार के पटरी पर लौटने की उम्मीद जगी थी। मगर भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण दुनिया में मंदी की आहट के साथ यह खिड़की भी बंद होती दिख रही है। निर्यात घटेगा तो जाहिर है विनिर्माण का इंजन सुस्त पड़ जाएगा। रोजगार की पैदावार रुक जाएगी। भारतीय निर्यात में उछाल से उत्साहित कारपोरेट जगत ने 2021-22 में 791 परियोजनाओं के लिए 1,94,548 करोड़ रुपए निवेश की घोषणा की थी, जो 2020-21 की 576 परियोजनाओं के लिए 1,16,603 करोड़ रुपए निवेश की घोषणा से काफी अधिक है।

अगर यह सारा निवेश बाजार में उतरता तो निश्चित रूप से रोजगार के अवसर बनते। मगर जब मांग की ही संभावना धूमिल हो चली है, तो ऐसी स्थिति में भला कौन निवेशक अपनी पूंजी गड्ढे में फेंकना चाहेगा? महामारी की रफ्तार थमने के बाद दुनिया के बाजार खुले तो मांग में भी तेजी आई। भारत ने 2022 में अब तक के रिकार्ड 421.89 अरब डालर का निर्यात किया। लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध ने परिस्थिति को पलट दिया है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की आहट के कारण मांग घटने लगी है। इसका असर भारत के निर्यात पर पड़ा है। जुलाई 2022 में भारत का निर्यात गिर कर 35.24 अरब डालर हो गया, जो जून में 35.51 डालर था। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी, इंडिया रेटिंग्स ऐंड रिसर्च ने अपने एक अध्ययन रपट में कहा है कि निर्यात में वृद्धि के कारण भारत के विनिर्माण क्षेत्र में 2022 में जो तेजी आई थी, निर्यात में गिरावट के कारण वह 2023 में नहीं रहने वाली है। एजेंसी के अनुसार, रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की चिंता और चीन में कोविड नियंत्रण के कड़े उपायों के कारण भारत के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन प्रभावित हुआ है। रपट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2016 से वित्त वर्ष 2020 के दौरान भारत का वार्षिक औसत निर्यात 297.02 अरब डालर रहा था, जो वित्त वर्ष 2019 में बढ़ कर 330.08 अरब डालर हो गया। और 2021-22 में यह रिकार्ड 421.89 अरब डालर पर पहुंच गया। निर्यात में यह वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात के कारण हुई। यानी विनिर्मित उत्पादों का निर्यात बढ़ने से औद्योगिक इकाइयों ने अपनी पूरी क्षमता के साथ उत्पादन किया, और इसके कारण 2022 में नौकरियों की उम्मीद भी वापस लौटी। लेकिन मंदी के आसन्न संकट ने इस उम्मीद पर पानी फेर दिया है। भारत



के कुल निर्यात में अमेरिका और यूरोप की सम्मिलित हिस्सेदारी 2022 में तैंतीस फीसद थी, जबकि चीन की हिस्सेदारी पांच फीसद। यानी भारतीय निर्यात का अड़तीस फीसद हिस्सा संकट में है। निर्यात के इतने बड़े हिस्से के संकटग्रस्त होने से घरेलू उत्पादन पर कितना असर पड़ेगा, और इसका रोजगार पर क्या असर होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। इस साल गेहूं का उत्पादन दस से तीस फीसद घट गया। अब असमान बारिश के कारण धान का उत्पादन भी आठ फीसद कम होने का अनुमान है। यानी जिस कृषि क्षेत्र ने महामारी के दौरान रोजगार बाजार और अर्थव्यवस्था दोनों को सहारा दिया था, वहां से भी घरेलू मांग में किसी तरह की मदद मिलने की उम्मीद नहीं है।

इतने बड़े घरेलू बाजार में मांग होती, तो निर्यात घटने के बाद भी विनिर्माण क्षेत्र प्रभावित नहीं होता, और रोजगार की परिस्थिति इतनी जटिल नहीं होती। मगर गलत आर्थिक नीतियों के कारण आम आबादी के पास मांग करने की शक्ति नहीं रह गई है। इसका खमियाजा रोजगार बाजार, और अंत में अर्थव्यवस्था को भुगतना है। सेंटर फार मॉनिटरिंग इंडियन इकोनामी (सीएमआइई) के आंकड़े बताते हैं कि भारतीय रोजगार बाजार इस समय एक विचित्र स्थिति में पहुंच चुका है। यह बूढ़ी और कम पढ़ी-लिखी श्रमशक्ति की एक बस्ती बन चुका है। यहां कामकाजी उम्र के पढ़े-लिखे युवाओं के लिए काम नहीं है। कामकाजी उम्र (15-24 वर्ष) का हो जाने के बाद भी युवा आबादी विद्यार्थी जीवन जीने को मजबूर हैं। वित्त वर्ष 2016-17 में जहां कामकाजी उम्र के लगभग पंद्रह फीसद लोग विद्यार्थी थे, वहीं 2019-20 में इस उम्र के विद्यार्थियों की संख्या बढ़ कर अठारह फीसद हो गई। 2020-21 में इक्कीस फीसद और 2021-22 में तेईस फीसद हो गई। वित्त वर्ष 2016-17 और 2021-22 के बीच देश में कामकाजी आबादी 12.10 करोड़ बढ़ गई, जबकि इसी अवधि में श्रमशक्ति एक करोड़ घट गई। वित्त वर्ष 2016-17 में देश में रोजगार में लगी कुल श्रमशक्ति का एक-चौथाई हिस्सा तीस साल तक की उम्र के लोगों का था। जो 2019-20 में घट कर इक्कीस फीसद और 2021-22 में अठारह फीसद रह गया। अर्थव्यवस्था के लिए यह एक खतरनाक संकेत है। किसी देश की कामकाजी युवा आबादी वहां की बड़ी पूंजी मानी जाती है। जब देश अपनी उपलब्ध पूंजी का ही उपयोग न कर पाए तो वह किस घाट लगेगा, कह पाना कठिन है। भारतीय श्रम बाजार में पढ़े-लिखे लोगों के लिए भी जगह नहीं रह गई है।

## व्यापार समाचार

# सैट ने तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक के आईपीओ के खिलाफ याचिका को खारिज किया

मुंबई।

प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) ने तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के खिलाफ याचिका को खारिज कर दिया है। निजी क्षेत्र के बैंक के छह विदेशी संस्थागत निवेशक शेयरधारकों ने 832 करोड़ रुपये के आईपीओ को रोकने के लिए सैट के समक्ष याचिका दायर की थी। इन सभी सदस्यों के पास बैंक की सामूहिक रूप से 23.2 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

छह विदेशी निवेशकों में से रॉबर्ट एंड अर्डिस जेम्स कंपनी की बैंक में 4.95 प्रतिशत, स्टारशिप इक्विटी होल्डिंग्स की 4.72 प्रतिशत, सबकॉन्टिनेंटल इक्विटी




की 4.64 प्रतिशत, ईस्ट रिवर होल्डिंग्स की 3.72 प्रतिशत, स्विस रे इन्वेस्टर्स मॉरीशस की 1.90 प्रतिशत और एफआई इन्वेस्ट मॉरीशस की 1.48 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सूत्रों के अनुसार, इन शेयरधारकों ने पहले बंबई उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर कर बैंक को शेयर की बिक्री में अपनी हिस्सेदारी शामिल करने के लिए सेबी को निर्देश देने का अनुरोध किया था। हालांकि, बैंक के अंतिम आईपीओ दस्तावेज में शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का प्रस्ताव नहीं है और केवल 10 रुपये के अंकित मूल्य के 10 प्रतिशत नए इक्विटी शेयरों को बिक्री के लिए रखा जाएगा। बैंक ने बताया कि उसने अपने आईपीओ से पहले एंकर निवेशकों से 363 करोड़ रुपये से थोड़ी अधिक राशि जुटाई है। बीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कंपनी ने एंकर निवेशकों को 510 रुपये के भाव पर 71.28 लाख इक्विटी शेयर आवंटित करने का फैसला किया है, जो 363.53 करोड़ रुपये बैठता है। बैंक ने अपने 832 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए प्रति शेयर 500-525 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है।

# रूस के तेल आयात की मूल्य सीमा तय करने के लिए संकल्पबद्ध : अमेरिका

वाशिंगटन।

अमेरिका ने कहा है कि वह विकसित देशों के समूह जी-7 की घोषणा के अनुरूप रूस के तेल आयात पर एक मूल्य सीमा लागू कराने के लिए संकल्पबद्ध है। अमेरिका ने कहा कि यह रूसी तेल के दाम की सीमा तय करने का प्रभावशाली तरीका यूक्रेन में रूस के 'गैरकानूनी युद्ध' के लिए धन जुटाने के मुख्य स्रोत पर तगड़ी चोट करेगा। इसके अलावा इस कदम से अमेरिका को तेजी से बढ़ती वैश्विक मुद्रास्फीति से लड़ने में मदद मिलने की भी उम्मीद है।

जी7 समूह के सदस्य देशों ने शुक्रवार को रूस के तेल आयात पर मूल्य सीमा लागू करने के लिए तत्काल कदम उठाने का संकल्प जताया। रूस अपने कच्चे तेल की बिक्री से मिलने वाले धन का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ जारी सैन्य कार्रवाई में कर रहा है। इस वित्तीय स्रोत को कमजोर करने के लिए जी7 रूसी तेल की एक सीमा तय करना चाहता है। जी7 ने एक बयान में कहा, हम रूस से तेल खरीद की मंशा रखने वाले सभी देशों से यह अनुरोध करते हैं कि वे निर्धारित मूल्य सीमा से कम दाम पर ही रूस से तेल की खरीद करें। जी7 समूह में ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली और जापान हैं। यह दुनिया की सात सबसे



बड़ी एवं अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं का संगठन है जिसका वैश्विक व्यापार और अंतरराष्ट्रीय वित्तपोषण व्यवस्था पर प्रभुत्व है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरेन जीन-पियरे ने शुक्रवार को यहां नियमित प्रेस ब्रीफिंग में कहा, ''रूसी तेल आयात पर मूल्य सीमा तय करना एक प्रभावशाली तरीका है। यह वैश्विक ऊर्जा कीमतों को इस तरह से कम करने के हमारे एजेंडा का हिस्सा है जो अमेरिका में और दुनियाभर में उपभोक्ताओं को लाभान्वित करेगा।'' अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देश यूक्रेन पर रूस के हमले के खिलाफ सख्त रवैया अपनाए हुए हैं और उन्होंने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध भी लगाए हैं।







## आज का राशिफल

### मेष
आज आप सांसारिक विषयों को छोड़कर आध्यात्मिकता में ज्यादा रुचि लेंगे। आध्यात्मिक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समय बहुत अच्छा है। आपके विरोधी आपका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकेंगे। भाग्य मेहरबान रहेगा।

### वृषभ
आज आपको गृहस्थजीवन में सुख का अनुभव होगा। परिजन तथा निकट के रिश्तेदारों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। किसी छोटी यात्रा का आयोजन हो सकता है। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से बातचीत होगी।

### मिथुन
आज के दिन आप नाम और कार्य में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। आपके घर-परिवार में आनंद और शांतिपूर्ण माहौल रहेगा। आपका शरीर और मन स्वस्थ रहेगा। आर्थिक लाभ होने की भी संभावना है।

### कर्क
आज का दिन शांत रहकर गुजारने की जरूरत है। आकस्मिक खर्च होगा। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद के कारण मनमुटाव होंगे। किसी खास व्यक्ति के लिए प्रति आकर्षण आपके लिए संकट खड़ा कर सकता है।

### सिंह
मां के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में नकारात्मक विचार आने से उदासी का अनुभव होगा। जमीन, मकान, वाहन आदि के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। नौकरी करने वालों को नौकरी की चिंता रहेगी।

### कन्या
शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। भाई-बहनों के साथ अच्छी तरह समय व्यतीत होगा और उनसे लाभ भी मिलेगा। भाग्यवृद्धि का योग होने पर भी किसी भी काम में गलत कदम से हानि हो सकती है।

### तुला
आज के दिन आपकी मानसिक स्थिति दुविधापूर्ण रहेगी। नए काम का आरंभ न करें। वाणी पर संयम रखने से परिजनों के साथ वाद-विवाद नहीं होगा। किसी काम के प्रति जिद्दी ना बने रहें। आर्थिक लाभ की संभावना है।

### वृश्चिक
परिजनों के साथ आज का दिन आमोद-प्रमोद में व्यतीत होगा। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात सफल और आनंददायक रहेगी। कोई शुभ समाचार मिलेगा।

### धनु
आज दिन थोड़ा कष्टदायक लग रहा है। परिजनों के साथ मतभेद हो सकते हैं। आपका व्यवहार उग्र होगा और आप क्रोधित रहेंगे। किसी के साथ उग्र दलील हो सकती है। आपको व्यवहार और वाणी पर अंकुश रखना होगा।

### मकर
नौकरी, बिजनेस और समाज के सभी क्षेत्रों में आज का दिन लाभदायक साबित होगा। सगे-सम्बंधियों और मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने की योजना बनेगी। शुभ अवसरों पर उपस्थित हो सकेंगे।

### कुंभ
आज आपके उच्च अधिकारी और बुजुर्ग आप पर खुश रहेंगे। सभी काम में सफलता मिलेगी। नौकरी-व्यवसाय में आपकी स्थिति अच्छी रहेगी। आपका मन हल्का बनेगा। आपका स्वास्थ्य तथा मान- सम्मान अच्छा रहेगा।

### मीन
आज आपको शारीरिक और मानसिक बेचैनी महसूस होगी। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों के साथ विवाद होगा और उनके नाराज होंने की संभावना है। आपके विरोधी आपके लिए कठिनाई पैदा कर सकते हैं।

# राजनीति में युवाओं का दखल जरूरी : निर्मल चौधरी

## राजस्थान यूनिवर्सिटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निर्मल चौधरी का युवाओ ने किया स्वागत



जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** शनिवार को जिले के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे राजस्थान विश्वविद्यालय के अध्यक्ष निर्मल चौधरी का ग्राम पीह में युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। शहीद पांचूराम स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय सरपंच अमरचंद जाजड़ा के नेतृत्व में युवाओं ने राजस्थान यूनिवर्सिटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निर्मल चौधरी का गर्मजोशी के साथ युवाओं ने स्वागत किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि राजनीति का परिदृश्य तेजी के साथ बदल रहा है। पहले के नेता समाज में मूल्यों के लिए जीते थे और अब इसके मायने बदल रहे हैं। इसके कारण युवाओं को इसके प्रति ध्यान देना बेहद जरूरी हो गया है। युवा ही देश इसकी दिशा बदल सकते हैं। इसलिए राजनीति में युवाओं का दखल जरूरी है। अच्छी पढ़ाई और ज्ञानवान यूथ को इसके प्रति सोचना होगा।

### सत्ता का मोह छोड़कर जनता और समाज के हितों के बारे में सोचना होगा

सत्ता का मोह छोड़कर जनता और समाज के हितों के बारे में सोचना होगा। इसके बाद समाज में बदलाव निश्चत होना तय है। कई विसंगतियां जो हमें देश की राजनीति में दिखती हैं तो उन्हें दूर करने के लिए देश के युवाओं को आगे आना होगा। देश की राजनीति को सुधारने के लिए पढ़े-लिखे युवाओं को राजनीति में आना ही होगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान सरपंच अमरचंद जाजड़ा, हनुमान सिंधोलिया, पवन माली, शुबराती, वीरेंद्र सिंह, लकी आँचरा, बिल्टी सिंह, पुराराम जांगू, किशोर, रामदेव, रसीद मोहम्मद, विक्रम, सोहन गेना, पुराराम लेगा, विनोद गोरा, नाथू पचार, प्रेम गुगड़ सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# 26 वर्षीय नंदकिशोर 30 बार कर चुके है रक्तदान

## इस बार भी शिविर में बढ़-चढ़कर 101 लोगों ने किया रक्तदान



लुकमान शाह

**थांवला( नागौर डेली न्यूज ) :** थांवला कस्बे के राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल में शुक्रवार को शहीदों की याद में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर किया। शिविर में 101 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजनकर्ता नंदकिशोर कुमावत ने बताया कि मानव रक्त किसी उद्योग में नहीं बनाया जा सकता, इसका विकल्प तो मानव खुद ही है। यही वजह है कि रक्तदान को महादान, श्रेष्ठदान सहित जीवनदार माना जाता है। गौरतलब है कि आयोजनकर्ता नन्दकिशोर 26 साल की उम्र में 30 बार रक्तदान कर चुके हैं। वे करीब 500 लोगो को ब्लॅड की व्यवस्था करवा चुके हैं। कुमावत विगत पांच वर्षों से रक्तदान शिविर लगवा रहे हैं। इसी प्रकार थांवला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि रक्तदान महादान है, हम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से समाज में सकारात्मक सहयोग के साथ-साथ अन्य लोगों की जिंदगी भी बचा सकते हैं। इस दौरान राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के इंचार्ज डॉक्टर प्रकाश चौधरी, भेरून्दा प्रधान जसवंत सिंह थाटा, डॉ. दीपिका चौधरी (आयुर्वेदिक चिकित्सक), हीरालाल थांवला थानाधिकारी, हरीकृष्ण सहारण, प्रेम कुमार( भूलेख अभियंता), मनोहर सिंह राठौड़(जिला परिषद सदस्य), सरपंच सदस्य कैलाश चंद कुमावत, हनुमान लाल( उप सरपंच ), राधेश्याम बघेरिया, भवानी सिंह, नितिन सिंह, एज़ाज़ खान पीसांगन, सलीम आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डीडवाना महासम्मेलन को लेकर भाजपा कार्यकर्ता कर रहे हैं जनसम्पर्क



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** किसान महासम्मेलन को लेकर डेगाना में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार जनसम्पर्क किया जा रहा है। मनोहर सिंह किरड ने बताया कि ग्राम किरड, कितलसर, जावा सिसोदिया, रावलियावास में सम्भागीय किसान महासम्मेलन में 4 सितंबर आज रविवार को डीडवाना पंहुचने के लिए प्रेरित करते किया। मनोहर सिंह किरड ने कहा कि राजस्थान सरकार की किसानों के साथ वादाखिलाफी दस दिन में सम्पुर्ण कर्जमाफी, कृषि बिलों की बढ़ौतरी, जो वोटों के समय झुंठी घोषणाएं करके सरकार बनाई गई इसको लेकर अब किसान ठगा महसूस कर रहा है महासम्मेलन में प्रदेशाध्यक्ष सती पुनिया सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम के साथ सवामणी का आयोजन डीडवाना के किसानों द्वारा रखा गया है।

# डीडवाना में किसान सम्मेलन आज

# तैयारियों का लिया जायजा

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, उप नेता राजेन्द्र राठौड़ आएंगे डीडवाना

अबरार अली बेरी



**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार 4 सितम्बर को स्थानीय मिर्धा पार्क में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आयोजित होने जा रहे किसान सम्मेलन में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया व विधान सभा उप नेता राजेन्द्र राठौड़ पधारेंगे। आयोजन को लेकर शनिवार को नगर अध्यक्ष पवन टाक, विधान सभा प्रत्याशी रहे जितेंद्र सिंह जोधा, डॉ. सोहन चौधरी ने अपनी टीम के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया एवं कार्यकर्ताओं को उचित निर्देश दिए। जोधा ने कहा कि किसान भाइयों का विशाल सम्मेलन प्रदेश की कांग्रेस सरकार के लिए एक संकेत है कि 2023 के चुनावों में यही किसान इस किसान विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। डॉ. सोहन चौधरी ने कहा कि सम्मेलन की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। यह सम्मेलन राजस्थान के इतिहास का ऐतिहासिक सम्मेलन होने जा रहा है। चौधरी ने कहा कि हमारी पूरी टीम क्षेत्र के एक एक गांव में घर घर पहुंची है और हम लोगों को किसानों के हित की रक्षा के लिए एक जुट कर रहे है । नगरर अध्यक्ष पवन टाक ने कहा कि कल दिन राजस्थान सरकार की उल्टी गिनती शुरू करने जा रहा है जिसका आगाज हम डीडवाना की पवित्र धरा से करने जा रहे है।

**ये जुटे है सम्मेलन को सफल बनाने में :** टाक ने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हरिराम रंणवा, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री ओपी यादव, डीडवाना विधानसभा प्रत्याशी जितेंद्र सिंह जोधा, जिला महामंत्री रामाकिशन खिचड़, खुनखुना मंडल अध्यक्ष राम सिंह बगेसर, खाटू मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, मौलासर मंडल अध्यक्ष श्रीकिशन भिंचर, कोलिया ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डालुराम, सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, जिला मंत्री मनीष ओझा,पार्षद राकेश जांगिड़, पुखराज खटीक, भगवान सिंह,धीरेंद्र सिंह, राहुल मोदी, नरेश उपाध्याय, डॉक्टर सोहन लाल चौधरी, विधानसभा प्रभारी श्रीमती अंजना शर्मा, डीडवाना उपप्रधान ओम प्रकाश लील, लालाराम मुवाल आदि कड़ी मेहनत कर रहे है । इस अवसर पर भगवान सिंह सेवदड़ा, सुरेंद्र सिंह थेबड़ी, मनीष ओझा आदि उपस्थित रहे।

# पर्युषण पर्व पर जैन मंदिर में चल रहे अनेक कार्यक्रम



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों का संयम त्याग और आत्म शुद्धि का 12 दिवसीय पर्युषण पर्व महोत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ चल रहा हैं। जैन समाज के सदस्य राज पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर जैन मंदिरों को रोशनियों व साज सज्जा से सजाया गया है। पर्व के दौरान समाज के श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न व्रत त्याग व उपवास का पालन किया जा रहा है व जैन मंदिरों में प्रतिदिन जिनेन्द्र भगवान की पूजा भक्ति शास्त्र प्रवचन आरती व सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं। पर्व के तीसरे दिन जैन बड़ा मंदिर में जैन धर्म विद्वान डा. सुरेंद्र जैन द्वारा आर्जव धर्म पर प्रवचन किया गया। संध्याकालीन आरती के पश्चात आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जैन धर्म की विभिन्न कथाओं पर आधारित लघु नाटिकाऐं व नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें समाज की महिलाओं व बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन चारु गंगवाल व रुचिका गंगवाल ने किया। सभी कार्यक्रमों में श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं।

# गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित

## गर्वा सहित एक दर्जन शिक्षक सम्मानित



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** भारत विकास परिषद शाखा लाडनूं के तत्वावधान में अंचल के चार विद्यालयों में शिक्षक दिवस के उपलक्ष में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम किया गया। वृंदा फाउंडेशन जसवंतगढ़ में निदेशक अंजनी कुमार और समस्त अध्यापकों का सम्मान प्रांतीय वित्त सचिव सुशील पीपलवा, संरक्षक पुरुषोत्तम सोनी, सचिव प्रकाश सोनी, नीतेश माथुर, नानक आडवाणी, लक्ष्मण शर्मा, सुशील शर्मा द्वारा स्वागत किया गया। राजकीय केसर देवी विद्यालय में प्राचार्य ओम शंकर गर्वा सहित व्याख्याताओं और छात्राओं का सम्मान किया गया।

इसके अलावा क्षेत्र के आदर्श ज्ञानोदय मूक बधिर विद्यालय में महिला प्रमुख दिव्या माथुर के नेतृत्व में महिलाओं की टीम ने संस्था प्रधान देवेन्द्र चाहर सहित सभी शिक्षकों का सम्मान किया। राजकीय भूतोड़िया स्कूल में जिला प्रभारी रमेश सिंह राठौड़, संरक्षक हनुमान मल जांगिड़ और टीम ने छात्राओं और शिक्षकों का अभिनंदन किया गया।

# लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने किया इंदिरा रसोई के सहयोगियों का सम्मान

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट द्वारा नगरपरिषद की सहभागिता से संचालित इंदिरा रसोई के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने पर क्लब द्वारा संगीत सदन में आयोजित कार्यक्रम में रसोई के सहयोगियों एवं भामाशाहों को सम्मानित किया गया। उद्बोधन में क्लब अध्यक्ष लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत ने सभी का स्वागत किया। संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने कहा किसी भी संस्था की सफलता में सबसे बड़ी भूमिका होती है उसके सहयोगियों एवं भामाशाहों की इनके साथ बिना सफलता की कल्पना भी नहीं कर सकते है। इन्हीं के सहयोग की वजह से इंदिरा रसोई ने सफलतम दो वर्ष पूर्ण किये हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगरपरिषद आयुक्त श्रवणराम चौधरी ने कहा राज्य सरकार का संकल्प कोई भूखा ना सोए को साकार करने की दिशा में लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट द्वारा इंदिरा रसोई कुचामन के संचालन में भोजन की शुद्धता एवं रसोई की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है जो सराहनीय है।

**राज्य सरकार की इंदिरा रसोई योजना आमजन के लिए वरदान :** मुख्य अतिथि नगरपरिषद सभापति आसिफ खान ने कहा राज्य सरकार की इंदिरा रसोई योजना आमजन के लिए वरदान साबित हो रही है इसमें आमजन को मान सम्मान के साथ बैठाकर भोजन करवाया जा रहा है, जिससे उन्हें घर के भोजन जैसी अनुभूति होती है। उन्होंने कहा सभी धर्मों में भूखे को भोजन कराना पुनीत कार्य बताया गया इसी को देखते हुए भामाशाहों द्वारा भी सहयोग किया जा रहा। विशिष्ट अतिथि उपसभापति हेमराज चावला एवं आरिफ खान ने लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट द्वारा पीड़ित मानव सेवार्थ किये जा रहे कार्यों को अनुकरणीय बताया। अथितियों के साथ निवर्तमान अध्यक्ष लॉयन वेनिगोपाल मालपानी, उपाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल, लॉयन प्रहलाद रांकावत, लॉयन जीतेन्द्रसिंह राजपुरोहित, लॉयन राजकुमार सोनी, रसोई प्रभारी लॉयन रचित नंदवाना, लॉयन रजत नंदवाना, लॉयन सुशील काबरा, महावीर इंटरनेशनल के जोन कोषाध्यक्ष सुभाष पहाड़िया, सचिव रामोतार गोयल, मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष मोहम्मद शकील, दामोदरलाल झंवर, पार्षद सुभाष पावड़ीया ने सहयोगियों तथा भामाशाहों एवं नंदवाना परिवार को दुपट्टा पहनाकर एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। लॉयन रचित नंदवाना ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा इंदिरा रसोई का जिला एवं संभाग स्तर पर प्रथम रेंक प्राप्त करना क्लब के लिए गर्व की बात है। मंच संचालन लॉयन रजत नंदवाना ने किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुरेन्द्र बोहरा, सुरेश गंगवाल, प्रकाश शर्मा, डॉ नरेन्द्र मोहनपुरिया, महेश वर्मा, कनवर गोयर, विजेन्द्र मोहनपुरिया, अशोक जैन, इमरान रंगरेज, दिनेश मेघवाल, जितेन्द्र पाटोदी, सुनील सिंह, विक्रम सिंह, लक्ष्मण सिंह, जयराम दूधवाल, मूलचंद रुलाणीया आदि उपस्थित रहे।

# अणुव्रत समिति ने शिक्षकों का किया सम्मान

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** स्थानीय अणुव्रत समिति के तत्वावधान में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय सुभाष बोस उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य भंवरलाल मील, शिक्षक पवन कुमार परिहार, निर्मल मौर्य का समिति के पदाधिकारियों द्वारा माला, शॉल, श्रीफल व अणुव्रत दुप्पटा भेंटकर अभिनंदन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष शांतिलाल बैद ने बताया कि अणुव्रत समिति द्वारा प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया जाता है। शिक्षक समाज की आधारशिला है। समिति के मंत्री साहित्यकार डॉ. वीरेन्द्र भाटी मंगल ने शिक्षक दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षक का बहुत बड़ा महत्व है शिक्षक ही एक व्यक्ति को श्रेष्ठ इंसान बना सकता है। उन्होंने बताया कि अणुव्रत समिति मानवीय मूल्यों के विकास व संस्कारित समाज के निर्माण के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने आगे कहा कि एक शिक्षक के जीवन में नैतिकता, प्रामाणिकता व संयम बढने से ही एक आदर्श शिक्षक का निर्माण हो सकता है। शिक्षक का आचरण एवं व्यवहार ही उसकी पहचान बनता है। विद्यालय के प्रिंसीपल भंवरलाल मील ने कहा कि कि सम्मान प्राप्त करना आसान है लेकिन उसके स्तर को बनाए रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है।

उन्होंने यह भरोसा जताया कि सभी सम्मानित शिक्षक इस चुनौतीपूर्ण कार्य में सफल रहेंगे। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष अब्दुल हमीद मोयल, श्रीमती अंजना शर्मा आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव रामगोपाल मील, शिक्षक, विद्यार्थियों सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का कुशल संचालन शक्तिसिंह चारण ने किया।

# बड़ी खाटू पशु चिकित्सालय में चिकित्सक की हुई नियुक्ति

## ग्रामीणों ने विधायक मेघवाल का जताया आभार



पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू कस्बे के राजकीय पशु चिकित्सालय मे दस वर्ष से पशु चिकित्सक के रिक्त पद पर स्थानीय विधायक डॉ. मंजू देवी मेघवाल के प्रयास से पशु चिकित्सक लगाया गया। जानकारी के अनुसार बड़ी खाटू क्षेत्र में लंपी महामारी से काफी संख्या में गौवंश की मौत हो रही है। ऐसे में स्थानीय विधायक डॉ मंजू देवी मेघवाल ने पशु चिकित्सका रेणुका धायल को चिकित्सालय में लगाया। पशु चिकित्सक लगने से कस्बे के लोगो ने खुशी जाहिर की।साथ ही पशु कंपाउंडर सुनील मेघवाल, नरेन्द्र कुमार ने चिकित्सालय में स्वागत किया।

# लुणियास से निकली खरनाल पदयात्रा, गूंजे तेजाधणी के जयकार

नरोत्तम जारोड़ियां

**कुरड़ायां/मेड़ता सिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लुणियास गांव से 6वीं वीर तेजा जी की पदयात्रा जयकारों के साथ रवाना हुई। श्री जोगा बाबा न्यूक मंडल के तत्वाधान में लुणियास से खरनाल स्थित तेजाजी धाम के दर्शनों के लिए पैदल जत्था रवाना हुआ। पैदल संघ को जोगा बाबा मंदिर से महेंद्र खदाव (रालोपा पार्टी) के हाथ में ध्वजा थमाकर जत्था रवाना किया। संघ के सदस्यों में एक ही रंग के नागौरी वेशभूषा के दौरान धोती, कुर्ता एवं पगड़ी धारण कर तेजाजी के जयकारों के साथ खरनाल के लिए पैदल निकले। इस दौरान- सुखाराम खदाव, गणपत खदाव, डावर खदाव, राजु खदाव, महेंद्र खदाव, जितेन्द्र खदाव, महेंद्र टोगस, करण खदाव, प्रेमसुख मुण्डेल, पप्पू खदाव, बबलू खदाव, नरेन्द्र खदाव, महिपाल खदाव सहित तेजा भक्तों ने पैदल रवानगी में भाग लिया।

### इनका कहना



पूरी किसान कोम के आराध्य हमारे आदर्श एवं गौ रक्षक लोक देवता सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज दर्शन करने के लिए हर साल हमारे गांव से हमारे भाई पैदल यात्रा करते हैं और तेजाजी महाराज का आशीर्वाद लेते हैं। इस बात की हमें खुशी है सभी तेजा भक्तों को मेरी ओर से शुभकामनाएं आपकी यात्रा मंगलमय हो।

**महेंद्र खदाव रालोपा, तेजा भक्त**



'ये हमारी 6वीं पैदल यात्रा है। लुणियास से खरनाल के लिए बहुत ही हंसी खुशी डीजे पर तेजाजी महाराज के गानों पर थिरकते हुए खुशी से जाते हैं। रास्ते में जगह-जगह भव्य स्वागत भी किया जाता है। बड़े आनंद के साथ पैदल यात्रा मंगलमय होती है।

**सुखाराम खदाव, तेजा भक्त**

# दाधीच जयंती आज, विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** दाधीच पंचायत बोर्ड मकराना के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महर्षि दधीचि जयंती महोत्सव 4 सितंबर को मनाई जाएगी। दाधीच पंचायत बोर्ड कार्यकारिणी की बैठक मुन्ना लाल पुजारी की अध्यक्षता में हुई। मीडिया प्रवक्ता टीकम दाधीच ने बताया कि दाधीच जयंती के अवसर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम 1 सितंबर से 4 सितंबर तक हो रहे है एवं प्रतिभा सम्मान व दाधीच महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन कार्यक्रम जारी है।

4 सितंबर रविवार को सुबह 9 बजे से कलश और शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से निकाली जाएगी और इसी दिन 11 बजे हवन और सामूहिक पूजन व शाम को सामूहिक भोज होगा।

200 से अधिक ट्रैक्टरों के काफिले के साथ शाही अंदाज में कुचामन से सुरसुरा के लिए रवाना हुई तेजाजी की यात्रा में दिखे...

# 'जाट' के 'ठाठ'

## ब्लेक कलर थार जीपे, लीलण घोड़ी नृत्य, डीजे साउण्ड, ट्रोले में बैठी महिलाएं व हुक्का पीते बुजुर्ग रहे जुलूस में आकर्षण का केन्द्र







सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** जन-जन के आराध्य लोक देवता तेजाजी की यात्रा शनिवार को कुचामन शहर में अनोखे अंदाज में निकली। स्थानीय तेजा संघ के तत्वावधान में कुचामन से सुरसुरा तेजाजी धाम के लिए शाही अंदाज में रवाना हुई इस ट्रैक्टर यात्रा 200 से अधिक ट्रैक्टर शामिल हुए। ट्रैक्टरों पर जहां तेजाजी के निशान लगे थे वहीं सफेद धोती-कुर्ता व साफा लगाए ट्रैक्टर चला रहे लोग हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे।

यात्रा में करीब जहां एक दजर्न से अधिक डीजे साउण्ड शामिल हुए वहीं एक दर्जन से अधिक ब्लेक कलर थार जीपे आकर्षण का केन्द्र रही। बड़े खुले ट्रोले में बैठी जाट समाज की बुजुर्ग महिलाएं पूरे जुलूस की शोभा बढ़ा रही थी। जुलूस में लीलण घोड़ी नृत्य भी लोगो को खूब रास आया। शाही यात्रा कुचामन शहर में स्थित तेजा सर्किल से प्रारंभ होकर शाम को सुरसुरा तेजाजी धाम पहुंची। गौरतलब है कि किसान वर्ग तेजाजी को अपना आराध्य देव मानते हैं। किसान खेती का कार्य शुरू तेजाजी को याद करने के साथ ही करते है।

### जाट समाज के ये प्रबुद्धजन रहे यात्रा में शामिल

राजस्थान सरकार में उपमुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक विजयसिंह चौधरी, पूर्व राज्य मंत्री हरीशचन्द्र कुमावत, नगर परिषद सभापति आसिफ खान, जिला प्रमुख भागीरथराम चौधरी, प्रधान सरिता चौधरी, भाजपा नेता ज्ञानाराम रणवां, जाट महासभा तहसील अध्यक्ष दानाराम राठी, सरपंच परसाराम राठी, प्रभुराम पोषक, वीर तेजा संग के अध्यक्ष प्रभुराम बुगालिया, दीपक नेहरा, पार्षद नन्दाराम बुगालिया, पार्षद संजना बुगालिया, तिलाकराम गावड़िया, गिरधारी महला, औंकार कड़वा, रमेश रूलानिया, राजेन्द्र पोड, भूराराम शेषमा, गणेशाराम शेषमां, पार्षद सुभाष पावड़िया, डॉ. ओपी बिसु, आनन्द नेहरा, हितेश जाखड़, दुर्गाराम चौधरी, सुरेन्द्र डोडवाडिया, ईश्वरराम सोहू, हीराराम जाजड़ा, प्रकाश भाकर, डॉ. रजनी गावड़िया, दिनेश कड़वा, कमल बुगालिया, केसाराम रणवां, ठेकेदार झाबर चौधरी, मोहनराम कड़वा, हनुमानराम कड़वा, राकेश खीचड़, सुरेश कड़वा, महेन्द्र बुल्डक, देव रॉयल, गोविन्द चौधरी, लक्ष्मण बुगालिया, महेन्द्र गालवा, सूर्यप्रकाश बोचलिया, भूराराम कूदना, हरफूल बलारा, बुद्धाराम चौधरी, परसाराम बुगालिया, रणजीत पोषक, डॉ. गोविन्दराम चौधरी आदि शामिल रहे।

# भाविप ने किया तेजा ट्रैक्टर रैली का भव्य स्वागत



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नव वर्ष आयोजन समिति और भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में वीर तेजा संघ द्वारा तेजा दशमी के उपलक्ष्य में आयोजित शोभायात्रा और ट्रेक्टर रैली के भव्य स्वागत की व्यवस्था की गई। भारत विकास परिषद के सचिव ओमप्रकाश सेन ने बताया कि वीर तेजा संघ द्वारा आयोजित ट्रैक्टर रैली के अवसर पर पुराने बस स्टैंड पर तेजाजी के जयकारों के साथ एक क्विंटल से भी अधिक पुष्पों से भव्य पुष्पवर्षा की गई। एवं साथ में शीतल पेय की भी व्यवस्था की गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ.गोविन्दराम चौधरी ने बताया कि इस दौरान वीर तेजा संघ अध्यक्ष दानाराम राठी, नावां विधायक महेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक विजय सिंह चौधरी, हरीश कुमावत, जिला प्रमुख भागीरथ चौधरी, ज्ञानाराम रणवां, पंचायत समिति प्रधान सरिता चौधरी, प्रकाश भाकर, रजनी गावड़िया आदि गणमान्य लोगों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान भारत विकास परिषद के कोषाध्यक्ष मोहित सेठी, सहसचिव राघव सारड़ा, संपर्क प्रमुख अंकुर काला, अरविंद तोषनीवाल, जय प्रकाश शर्मा, शरद सोमानी, रमेशचंद सेन,महेश रामचन्द्रका, राजेश शर्मा, जितेन्द्र सिहोटिया, अर्पित गंगवाल, आदि सदस्यों ने व्यवस्था में सहयोग किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान वहां उपस्थित सभी समाज के लोगों ने तेजाजी के जयकारों का उद्घोष करते हुए परस्पर सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश की।

# शारदा बाल निकेतन में मनाया गया शिक्षक दिवस

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** निकटवर्ती ग्राम पालड़ी जोधा मे स्थित शारदा बाल निकेतन विद्यालय में शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में पूर्व सादगी के साथ मनाई गया। शिक्षक दिवस प्रतिवर्ष 5 सितंबर को मनाया जाता है, लेकिन इस बार 5 सितंबर को तेजा दशमी व रामदेव जयंती के अवकाश की वजह से 1 दिन पूर्व विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान मां सरस्वती की वंदना के साथ विद्यालय के शिक्षको का सम्मान किया गया। विद्यालय के निदेशक अब्दुल रहमान देवड़ा ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही बताया कि शिक्षक वह है, जो छात्र के भविष्य को संवारने के लिए उन्हें विषय विशेष का ज्ञान प्राप्त कराते हैं।

एक बच्चा समाज में कैसे जीवन यापन करेगा, उसका मार्गदर्शन करके सही राह दिखाने का कार्य शिक्षक ही करते हैं। बच्चों के जीवन में शिक्षकों का खास महत्व है। भारत में हर साल 5 सितंबर को टीचर्स डे मनाया जाता है। इस दिन डॉ. सर्वपल्ली



राधाकृष्णन का जन्मदिन होता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश मूण्डेल ने कहा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति थे।

उनके जन्मदिन को छात्रों और शिक्षकों के रिश्ते के खास दिन के तौर पर मनाया जाता है। इस दौरान विद्यालय संचालक अब्दुल रहमान देवड़ा, प्रधानाचार्य मुकेश मूण्डेल, संतोष गौड़, हरिराम प्रजापत, इमरान खान, जितेंद्र शर्मा, साहिल खान, अनुराधा, रिंकू, मंजू, नंदा कंवर, उपस्थित रहे।

## विधायक गावड़िया ने परबतसर में किया यात्रा का स्वागत



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन से सुरसुरा के लिए रवाना हुए तेजाजी यात्रा का परबतसर पहुंचने पर विधायक रामनिवास गावड़िया के नेतृत्व में सभी जनप्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। ट्रेक्टर यात्रा परबतसर के गांधी चौक, बस स्टेशन, सांड चौक एवं तेजाजी मंदिर पहुंची, जहां दर्शन कर सुरसुरा के लिए रवाना हुए। विधायक रामनिवास गावड़िया व प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश मुंडवाडिया भी ट्रेक्टर सर सवार होकर संघ में सम्मिलित हुए।

## राजस्थानी वेशभूषा में धीजपुरा से विशाल पैदल संघ खरनाल रवाना




पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू कस्बे के धीजपुरा से विशाल वीर तेजा पैदल यात्रा खरनाल के लिए रवानी हुयी। बड़ी खाटू सरपंच प्रतिनिधि छोटूराम रिणवा ने पैदल संघ की रवानगी करवाई। पैदल यात्री ट्रेलर के ऊपर सजी विशाल झांकी के साथ तेजाजी महाराज के दर्शन के लिए रवाना हुए। इस दौरान पैदल यात्रियों का धीजपुरा , बड़ी खाटू सहित जगह जगह स्वागत किया गया। पैदल यात्रियों ने तेजाजी की तरह धोती खुर्ता और साफा और हाथ में लाठी , छतरी , जई , हुका लेकर राजस्थानी संस्कृति का परिचय देते हुए पैदल रवाना हुए।

# अब समय आ गया है जब युवा देश व राजनीति के विकास का एजेंडा तय करें : निर्मल चौधरी

### राजस्थान यूनिवर्सिटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निर्मल चौधरी का कुचामन के बालाजी कॉलेज में हुआ गर्म जोशी के साथ स्वागत

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** 'युवाओं को सोशल मीडिया के मंच से बाहर निकल कर वास्तविकता की कसौटी पर स्वयं को साबित करना ही होगा और अपने हक को उनसे प्राप्त करना ही होगा। देश, समाज, राजनीतिक दलों को युवाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए।' राजस्थान यूनिवर्सिटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निर्मल चौधरी ने शनिवार को कुचामन में अपने भाषण में ये बाते कही। वे मेगा हाईवे स्थित बालाजी कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। निर्मल चौधरी ने कहा कि अब समय आ गया है जब युवा देश और राजनीति के विकास का एजेंडा तय करें। संविधान प्रदत्त देश के नागरिक के अधिकारों व कर्तव्यों से युवाओं को भलीभांति परिचित कराना होगा। राजनीति में आकर ही युवा वर्ग देश के निर्माण में भागीदार बन सकता है।

**युवाओं ने गर्मजोशी से किया स्वागत :** अपने समय से करीब दो घंटे लेट होने के बावजूद युवा बालाजी कॉलेज में निर्मल चौधरी को सुनने के लिए डटे रहे। इस दौरान रामेश्वर गावड़िया, मनीष गावड़िया, श्रीराम गावड़िया, राजाराम प्रजापति, हबीब सौलंकी, याकूब कुरैशी, एडवोकेट राजकुमार, राजवीर चौधरी, पवन बंसल, एडवोकेट मेवाराम, गणेश घोटिया, मोहनलाल लोरा, जिला प्रमुख भागीराम लोरा, सोहनलाल घंसवा निमोद, डॉ बिन्दू चौधरी, बजरंग गावड़िया, महेन्द्र गावड़िया, सलीम मणियार, वहीद बड़गुर्जर, सद्दाम रंगरेज, पार्षद फजलू रहमान कुरैशी, पार्षद शाहरूख कुरैशी, बूंदू न्यारिया, गोविन्दराम शेषमां, सुल्तानसिंह थालोड़, बनवारी पचार, ज्ञानाराम रणवां, महेन्द्र गालवा, रफीक खान नेता, एमडी शेख सहित शहर के अनेक प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## आंगनवाड़ी केन्द्र पर महिलाओं को बांटे सेनेटरी नैपकिन



### स्वास्थ्य व सुरक्षा की दी जानकारी

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के खान मौहल्ला स्थित कश्मीरी गेट के पास वार्ड संख्या 41 व 44 के आंगनवाड़ी केन्द्र पर राजस्थान सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिलाओं के लिए चलाई गयी उड़ान योजना के तहत शनिवार को महिलाओं को माहवारी में रखी जाने वाली सावधानियां, सुरक्षा सेनेटरी नैपकिन किट नि:शुल्क वितरित कर जागरूक किया गया।

केन्द्र पर कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता सोनी व सहायिका सविता कुमावत ने बताया की केंद्र पर 14 से 45 वर्ष की महिलाओ को सेनेटरी नैपकिन किट वितरित किये गए तथा स्कूल नहीं जाने वाली 14 वर्ष से अधिक उम्र की लड़कियों को भी नैपकिन किट वितरित किये गए है।

महिलाओं में मासिक धर्म के समय कपड़ा प्रयोग में लेने से होने वाली बीमारियों से बचने के उपाय बताकर नैपकिन किट वितरित किये गए।

## गोवर्धन पूजा का भारतीय लोकजीवन में बड़ा महत्व : नयन

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम भकरी में चल रही भागवत कथा के पांचवे दिन गोवर्धन पर्वत के प्रसंग को लेकर प्रवचन हुए। समाजसेवी मदनलाल, रामगोपाल, हनुमान प्रसाद, कमल किशोर सेवदा की ओर से आयोजित कथा में कथावाचक राजीव नयन ने कहा कि गोर्वधन पूजा का भारतीय लोकजीवन में काफी महत्व है। गोवर्धन पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा होती है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्रदेव की पूजा करने बजाय गोवर्धन पर्वत की पूजा करने को कहा था। उन्होंने ऐसा इसलिए कहा था, क्योंकि गोवर्धन पर्वत से ही पूरे ब्रज की गाय को चारा मिलता था। गाय उसी प्रकार पवित्र होती है, जैसे नदियों में गंगा पवित्र होती। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी माना गया है। जिस तरह से देवी लक्ष्मी सुख समृद्धि प्रदान करती हैं, उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती है।

## बीमार गौवंश की सेवा में जुटा है एसबीजेएसएस गौ रक्षा दल

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर जिले में एसबीजेएसएस गौ रक्षा दल नागौर के टीम सदस्यों द्वारा पूरे जिले में लंपी पीड़ित गोवंश का इलाज अभियान जारी है। गौरक्षा दल के जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा कुकनवाली ने बताया कि हर तहसील हर ग्राम स्तर तक टीम के सदस्य द्वारा गोवंश का इलाज किया जा रहा है। सैकड़ों गोवंश का इलाज हो चुका है। सभी टीम



के सदस्यों और भामाशाह के सहयोग से इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से कोई मदद नहीं मिली है, फिर भी इलाज अभियान जारी रहेगा। उपखण्ड स्तर तक टीम द्वारा इस बीमारी को महामारी घोषित करवाने के प्रयास भी जारी है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com